NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th
Subject : Hindi
Chapter : 8
Chapter Name : सस्ते का चक्कर

Q1 पाठ से
(क) नरेंद्र के सारे पैसे क्यों खत्म हो गए?
(ख) अजय ने नरेंद्र को क्या और क्यों समझाया?
(ग) अजय के अन्य दोस्तों ने नरेंद्र के बारे में क्या कहा और क्यों?

Answer.
(क)नरेंद्र के सारे पैसे चूर्ण, चुस्की और आइसक्रीम खरीदने की वजह से खत्म हो गए थे।
(ख) अजय ने नरेंद्र को समझाया कि यह लॉलीपॉप ठीक नहीं हैं। लॉलीपॉप बेचने वाला या तो लॉलीपॉप चुराकर लाया है या खराब माल कहीं से उठा कर लाया हैं। तभी वह लॉलीपॉप को इतने सस्ते में बेच रहा हैं।
(ग) अजय के अन्य दोस्तों ने अजय से कहा कि नरेंद्र की संगत में न पड़े, उसकी आदतें गलत है।नरेंद्र अक्सर क्लास से बाहर रहता था। उसे बाहर के खाने-पीने की भी आदत थी।

Page : 57 , Block Name : पाठ से

Q2 क्या होता यदि
(क) अगर नरेंद्र के पास फ़ीस के पैसे न होते?
(ख) अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता कि इस आदमी से लॉलीपॉप लेना बिल्कुल ठीक नहीं, तो क्या होता?
(ग) अगर अजय तीसरे लड़के की यह बात मान लेता कि "अरे तू घर जा नरेंद्र को जानता नहीं?"
(घ) अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती?

Answer.
(क) अगर नरेंद्र के पास पैसे नहीं होते तो वह लॉलीपॉप वाले के पास लॉलीपॉप खरीदने नहीं जाता।
(ख) अगर नरेंद्र अजय की बात मान लेता तो वह बदमाश के झाँसे में नहीं आता और उसका अपहरण नहीं होता।
(ग) अगर अजय तीसरे लड़के की बात मान लेता तो नरेंद्र कभी नहीं मिलता क्योंकि बदमाश भाग जाता और पकड़ा नहीं जाता।
(घ) अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती तो अजय को यह मालूम नहीं होता कि नरेंद्र लॉलीपॉप वाले के पीछे गया है।

Page : 58 , Block Name : अभ्यास

Q3 विश्वास और डर
" नरेंद्र ज़रा शरारती है न इसी से डर लग रहा है।"
(क) नरेंद्र की मां रेखा अजय की माँ से ऐसा क्यों कहती है?
(ख) नरेंद्र में ऐसा कौन सा गुण होता जिससे उसकी माँ नहीं डरती है और अजय की माँ से यह नहीं कहती कि नरेंद्र शरारती है।
"घबराइए नहीं, रेखा जी–देखिए मेरा बेटा भी तो है लेकिन अजय पर तो मुझे पूरा विश्वास है"
(ग) अजय की माँ नरेंद्र की माँ से ऐसा क्यों कहती है?

Answer.
(क) नरेंद्र की माँ इसलिए ऐसा कहती है क्योंकि नरेंद्र हमेशा उद्दंड हरकते किया करता है। उससे कुछ गलत करने की आशंका रखी जा सकती है जिसकी चिंता उसकी माँ को है।
(ख) नरेंद्र अगर समझदार होता और अपनी माँ का कहा मानता तो वो कभी ऐसी मुसीबत में नही फँसता। हमेशा बुरे बच्चों के साथ रह-रहकर उसकी आदतें भी बुरी होती गयी। इसीलिए उसकी माँ उसे शरारती कहती है।
(ग) अजय की माँ ऐसा इसलिए कहती है क्योंकि अजय पर उनको पूरा भरोसा है। वह जानती है कि उसका बेटा क्या क्या कर सकता है।

Page : 58 , Block Name : विश्वास और डर

Q4 सैर-सपाटा, खेल-तमाशा
पढ़ने-लिखने या अन्य काम करने के लिए भी अच्छे स्वास्थ्य का होना ज़रूरी है। इसलिए लोग सैर-सपाटा और खेल-तमाशे पर भी ध्यान देते हैं। अब तुम बताओ कि
(क) तुम या तुम्हारे दोस्त सैर-सपाटे के लिए क्या-क्या करते हैं?
(ख) तुमने अब तक जिन-जिन खेल-तमाशों में भाग लिया है या उसे देखा है, उसकी सूची बनाओ।

Answer. (क) हम अपने दोस्तों के साथ घूमने जाते है, चाट-चौपाटी पर खाते है |
(ख) सर्कस, साईकिल रेस, कब्बडी, आदि |

Page : 58 , Block Name : सैर-सपाटा, खेल-तमाशा

Q5 बनाना
"मैंने सोचा मम्मी तो रोज़ मुझे चाय-नाश्ता कराती है, आज मैं घर जल्दी पहुँचकर उसे चाय बनाकर पिलाऊँ।"
ऊपर के वाक्य को पढ़ो और बताओ कि–
(क) क्या तुम चाय बनाना जानते हो? और क्या-क्या बनाना जानते हो?
(ख) अगर तुम अपने खाने-पीने की कोई भी चीज़ बनाना नहीं जानते तो तुम्हें जो चीज़ सबसे अधिक पसंद हो, उसको बनाना सीखो और उसकी विधि को लिखकर बताओ।

Answer. (क) हाँ, चाय बनाना जानते है | चाय के साथ-साथ थोड़ा बहुत खाना बनाना भी जानते है |
(ख) छात्र स्वयं करें |

Page : 58 , Block Name : बनाना

Q6 पता करो
नीचे तालिका दी गई है। पता करो कि खाने की उन चीज़ों में कौन से पोषक तत्व होते हैं। उसे तालिका में लिखो।

क्रम सं.	खाने की चीज़ों	पोषक तत्व
(क)	पालक	....
(ख)	गाजर	....
(ग)	दूध	....
(घ)	संतरा	....
(ङ)	दालें	....

Answer.

क्रम सं.	खाने की चीज़ों	पोषक तत्व
(क)	पालक	आयरन
(ख)	गाजर	आयरन व विटामिन सी
(ग)	दूध	प्रोटीन व विटामिन सी
(घ)	संतरा	विटामिन सी
(ङ)	दालें	प्रोटीन

Page : 58 , Block Name : पता करो

Q7 मुहावरे की बात
नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं जिनमें उपयुक्त मुहावरे भरने से ही वह पूरा हो सकता हैं। उन्हें पूरा करने के लिए मुहावरे भी दिए गए हैं। तुम सही मुहावरे से वाक्य पूरे करो।
आग बबूला होना , सकपकाना , दबे पाँव , शामत आना , पीठ ठोकना
(क) चोर .... घर में घुस आया।
(ख) देर से आने पर मम्मी .... गईं।
(ग) सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय ....।
(घ) ऊधम मचाने पर बच्चों की ....।
(ङ) नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की ....।

Answer**.**
(क) चोर दबे पाँव घर में घुस आया।
(ख) देर से आने पर मम्मी आग बबूला हो गईं।
(ग) सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय सकपकाया।
(घ) ऊधम मचाने पर बच्चों की शामत आ गई।
(ङ) नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की पीठ ठोकी।

Page : 59 , Block Name : मुहावरे की बात

Q8 तुम्हारा स्कूल
तुम्हारे स्कूल में जो गतिविधि कराई जाती हो और वह इस तालिका में हो तो उसके सामने (✓) या (✗) का निशान लगाओ।

क्रम सं.	गतिविधि	✓ या ✗
(क)	नाटक	....
(ख)	खेल-कूद	....
(ग)	गीत-संगीत	....
(घ)	नृत्य	....
(ङ)	चित्रकला	....

Answer.

क्रम सं.	गतिविधि	✓ या ✗
(क)	नाटक	✓
(ख)	खेल-कूद	✓

(ग)	गीत-संगीत	✓
(घ)	नृत्य	✓
(ङ)	चित्रकला	✓

Page : 59 , Block Name : तुम्हारा स्कूल